ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहाँपुर।

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 26.11.2020

- **नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 26.11.2020 को नगर निगम कार्यालय का किया निरीक्षण।**
- **गर्रा और खन्नौत के किनारो का नगर निगम द्वारा कराया जायेगा सौदर्न्यीकरण एवं अन्य कार्य।**
- **पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत पथ विकेताओ को पूँजीगत ऋण वितरण के सम्बन्ध में जिला अग्रणी बैंक कार्यालय में बैंक अधिकारियो के साथ की गई समीक्षा बैठक।**

1— दिनांक 26.11.2020 को पूर्वाहन 10.30 बजे नगर निगम शाहजहाँपुर कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबन्धक (जल), मुख्य अभियन्ता (सिविल), सहायक नगर आयुक्त, लेखधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के समय कर विभाग में श्रीमती आरती सिंह, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, श्री भूपेन्द्र सिंह बीसेन, कर निर्धारण अधिकार,श्री मुनीर अहमद, लिपिक श्री मोहम्मद शमीम, लिपिक अनुपस्थित पाये गये। लेखा विभाग में निरीक्षण के दौरान श्री अश्वनी कुमार मिश्रा, लिपिक व श्री अब्दुल हकीम खाँ, लिपिक अनुपस्थित पाये गये। स्वास्थ्य विभाग में श्री भास्कर दत्त, जन्म मृत्यु लिपिक अनुपस्थित पाये गये। स्वास्थ्य विभाग के पास नालियों की सफाई कराने के निर्देश दिये गये। जलकल विभाग के निरीक्षण के दौरान समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित पाये गये। निर्माण विभाग के निरीक्षण के दौरान श्री विपुल कुमार, सहायक अभियन्ता एवं श्री शिवम् श्रीवास्तव, अर्बन इन्फ्राइन्स्ट्रक्चर स्पेशलिस्ट अनुपस्थित पाये गये। निरीक्षण के दौरान अलमारियों पर दो बंडल रखे पाये गये जिन पर धूल पाये जाने पर सफाई करने के निर्देश दिये गये। श्री मोद नारायन झा, अधिशासी अभियन्ता (सिविल) द्वारा अवगत कराया गया कि उनके बैठने के लिये कोई स्थान नहीं है। मुख्य अभियन्ता को अधिशासी अभियन्ता के बैठने की व्यवस्था करने निर्देश दिये गये। जिला नगरीय विकास अभिकरण शाहजहाँपुर के निरीक्षण के दौरान श्री अतुल कुमार, परियोजना अधिकारी, श्री राकेश कुमार वर्मा सहायक परियोजना अधिकारी, प्रभाकर मिश्रा, दीपक अनुपस्थित पाये गये। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये गये अधिकारियों/कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगे जाने के साथ एक दिन का वेतन आहरण रोके जाने के निर्देश दिये गये।

2— नगर आयुक्त महोदय द्वारा सिचाई विभाग बाढ खण्ड तथा नगर निगम के अधिकारियो के साथ गर्रा और खन्नौत नदी एवं आस—पास क्षेत्रो का निरीक्षण किया गया। नगर निगम,शाहजहाँपुर का चयन राज्य स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत हुआ है। नगर निगम द्वारा शहर वासियो के लिये गर्रा और खन्नौत नदी के तटो के किनारो का सौन्दर्यीकरण कर वार्किंग पाथ बनाये जाने का प्रस्ताव है। स्मार्ट सिटी जैसी सुविधाये देने के लिये नगर निगम की ओर से लगातार प्रयास किये जा रहे है। इसी कम में शासन की तरफ से गर्रा व खन्नौत नदी किनारे 10—10 किमी0 नदी किनारे तरफ जागिंग पार्क बनाया जायेगा। एक नदी के पट पर पॉच किमी0 नदी के एक तरफ और पॉच किमी नदी के दूसरी तरफ तटो के किनारे वार्किंग पाथ बनाये जायेगा। पाथ के किनारे—किनारे हरित पटटी विकसित की जायेगी। लोगो के बैठने के लिये रोस्टिंग प्वाइंट बनाने के साथ—साथ तटो का सौन्दर्यीकरण किया जायेगा। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा, सहायक नगर आयुक्त श्री अंगद गुप्ता, मुख्य अभियन्ता, श्री दिनेश चन्द्र सचान, अधिशासी अभियन्ता श्री मोद नरायण झा एवं सिंचाई विभाग बाढ़ खण्ड के अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

3– नगर आयुक्त महोदय द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत पथ विक्रेताओ को पूँजीगत ऋण वितरण के सम्बन्ध में जिला अग्रणी बैंक कार्यालय में बैंक अधिकारियो के साथ समीक्षा बैठक की गई। कोविड–19 महामारी के संक्रमण को रोकने के लिये उठाये गये कदमो विशेष कर लॉकडाउन के कारण शहरी पथ विक्रेताओ के व्यापार एवं जीवन पर पड़े प्रतिकूल प्रभाव के दृष्टिगत शहरी पथ विक्रेताओ के कल्याण के लिये भारत सरकार द्वारा पीएम स्वनिधि की योजना संचालित की गई है। इस योजना के अन्तर्गत शहरी पथ विक्रेताओ को 10 हजार रूपये का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय ने बैंकर्स के द्वारा पथ विक्रेताओ को अब तक ऋण वितरित न किये जाने के सम्बन्ध में नाराजगी व्यक्त करते हुये बैंक के सभी प्रबन्धको को निर्देशित किया कि जिन पथ विक्रेताओ के आवेदन पत्र बैंको मे जा चुके है, उनको तत्काल रूप से ऋण स्वीकृत कर वितरित किये जाये। इसके साथ ही नगर आयुक्त महोदय ने पीएम स्वीनिधि के अन्तर्गत पथ विक्रेताओ को डिजिटल पेमेन्ट एग्रीगेटर्स द्वारा डिजिटल ऑनबोर्डिंग कराने हेतु निर्देशित किया गया। पी0ओ0 डूडा को निर्देशित किया कि शहर के सभी पथ विक्रेताओ का आवेदन पत्र पंजीकृत करे, जिससे उनको पी0एम स्वनिधि योजना का लाभ मिल सके। इस मौके पर नगर आयुक्त महोदय के साथ परियोजना अधिकारी श्री अतुल कुमार पाठक एल0डी0एम0 एवं समस्त बैंक प्रबन्धक उपस्थित रहे।

उप नगर आयुक्त